Prof. Alpana Kateja
Vice-Chancellor
University of Rajasthan, Jaipur
Accredited with 'A+' Grade by NAAC

वीसीएस / 2025 / 2700
जून 30, 2025

– समस्त विभागाध्यक्ष / निदेशक, शैक्षणिक विभाग / केन्द्र
– समस्त प्राचार्य / प्राचार्या, संघटक महाविद्यालय,
राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।

महोदय / महोदया,

विश्वविद्यालय के समस्त विभागों एवं संघटक महाविद्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया उपरान्त समय–सारिणी, कक्षाओं के नियमित संचालन, उपस्थिति, सेमेस्टर परीक्षा एवं विभिन्न गतिविधियाँ इत्यादि के सम्बन्ध में निम्नानुसार निर्देश जारी किये जाते हैं:

1. सभी संघटक महाविद्यालयों में स्नातक पाठ्यक्रम के अन्तर्गत प्रथम, तृतीय, पंचम व अन्य विषम (Odd) सेमेस्टर की कक्षाओं का नियमित संचालन दिनांक 03 जुलाई, 2025 से तथा सभी विभागों में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम की प्रथम व तृतीय सेमेस्टर की कक्षाओं का नियमित संचालन दिनांक 10 जुलाई, 2025 से प्रारम्भ किया जावे।

2. कक्षाओं के समयबद्ध संचालन हेतु नवीन समय–सारिणी 15 जुलाई तक सॉफ्ट एवं हार्डकॉपी उपलब्ध करायी जावे तथा तब तक गत शैक्षणिक सत्र की समय–सारिणी के अनुसार कक्षाओं का संचालन सुनिश्चित किया जावे।

3. समय–सारिणी में स्नातक व स्नातकोत्तर कक्षाओं के मध्य आधे घण्टे का अन्तराल रखा जावे। इसके लिए सभी संघटक महाविद्यालयों में कालांश समय प्रातः 8.00 से 9.00 बजे, 9.00 से 10.00 बजे ..... तक का निर्धारित किया जाये एवं स्नातकोत्तर (PG) कक्षा का कालांश समय प्रातः 8.30 से 9.30 बजे, 9.30 से 10.30 बजे....... तक का निर्धारित किया जावे।

4. समय–सारिणी में वरिष्ठ संकाय सदस्यों को प्रातःकालीन पारी में कक्षाओं के आवंटन में वरीयता प्रदान की जावे।

5. कक्षाओं में विद्यार्थियों की नियमानुसार न्यूनतम 75 प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित की जावे। विद्यार्थियों की उपस्थिति कम होने की स्थिति में सूचना नोटिस बोर्ड पर दर्शाते हुए समय–समय पर सम्बन्धित विद्यार्थी एवं उनके अभिभावकों को सूचित किया जावे।

निरन्तर...... / 2

जवाहरलाल नेहरू मार्ग, जयपुर 302 004 (राजस्थान) | Jawahar Lal Nehru Marg, Jaipur 302 004 (Rajasthan)
+91 141 2707863 | vc@uniraj.ac.in, vcuorj@gmail.com

6. शैक्षणिक सत्र में विषम (Odd) सेमेस्टर की मध्यावधि (Mid Term) परीक्षा सितम्बर माह में 1 से 15 तारीख तक आयोजित किया जाना सुनिश्चित करें तथा उक्त सेमेस्टर की मुख्य परीक्षायें नवम्बर माह के द्वितीय सप्ताह से प्रारम्भ की जायेंगी। इसी प्रकार सम (Even) सेमेस्टर की मध्यावधि (Mid Term) परीक्षा फरवरी माह में 1 से 15 तारीख तक आयोजित किया जाना सुनिश्चित करें तथा उक्त सेमेस्टर की मुख्य परीक्षायें अप्रैल माह के द्वितीय सप्ताह से प्रारम्भ की जायेंगी।

7. किसी भी पाठ्यक्रम में चयनित / वैकल्पिक पेपर (Elective Paper) में न्यूनतम 05 (पाँच) विद्यार्थी होने पर ही सम्बन्धित पेपर की कक्षायें संचालित की जायें।

8. विभिन्न स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों (SFS Courses) में निर्धारित न्यूनतम संख्या तक सीटों पर प्रवेश होने की स्थिति में ही पाठ्यक्रम संचालित किया जावे। निर्धारित न्यूनतम संख्या तक प्रवेश पर पाठ्यक्रम / कक्षा संचालन किए जाने एवं इससे कम विद्यार्थी होने की स्थिति में प्रवेश रद्द करने व नियमानुसार शुल्क वापसी के तथ्य से सम्बन्धित विद्यार्थियों को पूर्व में ही स्पष्ट रूप से अवगत करा दिया जाये।

9. शैक्षणिक सत्र में सभी विभागों में शोध सलाहकार समिति (R.A.C.) की बैठक का आयोजन प्रत्येक छह माह (मार्च एवं सितम्बर) में किया जाना सुनिश्चित किया जावे।

10. सभी इकाईयों में वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम (Annual Cultural Fest) दिनांक 15 से 30 दिसम्बर के मध्य आयोजित किये जावें।

(प्रो. अल्पना कटेजा)

प्रतिलिपिः

1. कुलसचिव, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
2. अतिरिक्त कुलसचिव, शैक्षणिक–1 / 2, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
3. परीक्षा नियन्त्रक, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।